दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# डीएलएड सीईटी-2026 की दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 से

## 947 सीटों के लिए 15 और 16 सितंबर को होगी काउंसलिंग, मेरिट के आधार पर मिलेगा संस्थान

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 12 सितंबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा डी.ईएल.एड. सीईटी-2026 की मेरिट के आधार पर दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.ईएल.एड.) सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 15 और 16 सितंबर को आयोजित की जाएगी। सरकारी डाइट एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध 947 सीटों के लिए काउंसलिंग बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से होगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और काउंसलिंग संबंधी दिशा-निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बोर्ड मुख्यालय में उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं और जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित श्रेणी एवं उप-श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां और स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी। इसके अलावा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध बायो डाटा फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर लाना अनिवार्य होगा। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, वार्ड ऑफ एक्स-सर्विसमैन आदि श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अथवा सत्यापित प्रमाण-पत्र या आवश्यक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेजों की जांच के दौरान आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने पर संबंधित श्रेणी का लाभ नहीं दिया जाएगा।



काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के अनुसार वांछित संस्थान का चयन करना होगा। संस्थान का आवंटन मेरिट और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थियों को संस्थान का चयन करते समय उपलब्ध सीटों की स्थिति का विशेष ध्यान रखें।

**– डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन, प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

Himachal Main
Sun, 13 September 2026

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
12 सितंबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

# डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 के दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 सितंबर से


**947 सीटों के लिए मेरिट के आधार पर होगा प्रवेश**

**अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों सहित बोर्ड मुख्यालय पहुंचें**

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा दो वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सरकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों तथा निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध 947 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 सितंबर से 16 सितंबर, 2026 तक प्रातः 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पात्र



अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा काउंसलिंग संबंधी दिशा-निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वे मेरिट सूची और दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं और जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित वर्ग एवं उपवर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां और स्वयं प्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी। इसके अलावा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध जीवनी विवरण प्रपत्र को पूरी तरह भरकर साथ लाना भी आवश्यक होगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, पूर्व सैनिकों के आश्रित आदि श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी या सत्यापित प्रमाण-पत्र अथवा आवश्यक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेजों की जांच के दौरान आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी को उस श्रेणी का लाभ नहीं दिया जा सकेगा। इसलिए सभी अभ्यर्थी काउंसलिंग में पहुंचने से पहले अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर लें।

## मेरिट और उपलब्ध सीटों के आधार पर होगा संस्थान का चयन

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के अनुसार अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान का चयन करना होगा। सीट का आवंटन अभ्यर्थी की मेरिट और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को संस्थान का चयन करते समय उपलब्ध सीटों की स्थिति का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

## दिशा-निर्देशों का पालन करें अभ्यर्थी

डॉ. राजेश शर्मा ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की कि वे प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करें और निर्धारित तिथि पर समय से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

काउंसलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

# Dainik Jagran Dt. 13-09-2026

## डीएलएड में प्रवेश के दूसरे चरण की काउंसिलिंग 15 से

**947 सीटों पर मेरिट पर मिलेगा प्रवेश, अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा दस्तावेजों सहित**

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से दो वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डीएलएड) के सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 15 और 16 सितंबर को होगी। सरकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) तथा निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध 947 सीटों के लिए प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। काउंसिलिंग प्रक्रिया दिन में 10 बजे से स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में शुरू होगी।



राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड दिए हैं। काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को दसवीं और जमा दो के प्रमाणपत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाणपत्र तथा आरक्षित श्रेणी एवं उपश्रेणी से संबंधित प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी। इसके अलावा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध जीवनी विवरण पत्र (बायोडाटा फार्म) भी पूर्ण रूप से भरकर लाना अनिवार्य होगा।

डा. राजेश शर्मा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), पूर्व सैनिक के आश्रित आदि श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी या सत्यापित प्रमाणपत्र अथवा आवश्यक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेजों की जांच के दौरान आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित श्रेणी का लाभ नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के अनुसार अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान का चयन करना होगा। संस्थान आवंटन मेरिट और उपलब्ध सीटों आधार पर किया जाएगा।

**Apka Faisla Dt. 13-09-2026**

# D.El.Ed. CET-2026 के दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 15 सितंबर से

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा D.El.Ed. CET-2026 की मेरिट के आधार पर दो वर्षीय Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सरकारी DIET एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध 947 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 सितंबर से 16 सितंबर, 2026 तक प्रातः 10:00 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा काउंसलिंग संबंधी दिशा-निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

## 947 सीटों के लिए मेरिट के आधार पर होगी काउंसलिंग, अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों सहित बोर्ड मुख्यालय पहुंचें : डॉ. राजेश शर्मा



उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वे मेरिट सूची एवं दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें और निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं एवं जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित श्रेणी/उप-श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी। इसके साथ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध BIO DATA FORM को पूर्ण रूप से भरकर लाना भी आवश्यक होगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि EWS, OBC, Ward of E&-Serviceman आदि श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी/सत्यापित प्रमाण-पत्र अथवा आवश्यक शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेजों की जांच के दौरान आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित श्रेणी का लाभ नहीं दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों के अनुसार वांछित संस्थान का चयन करना होगा। सीट का आवंटन मेरिट एवं उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थी काउंसलिंग के समय संस्थान का चयन करते हुए उपलब्ध सीटों की स्थिति का विशेष ध्यान रखें। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की कि वे काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और निर्धारित तिथि पर समय से बोर्ड मुख्यालय पहुंचें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। काउंसलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

**Himachal Dastak   Dt. 13-09-2026**

# डीएलएड प्रवेश की दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 सितंबर से

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड प्रवेश सत्र 2026-28 के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 और 16 सितंबर को सुबह 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी। 947 सीटों के लिए मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचने का आग्रह किया है। अभ्यर्थियों को दसवीं और जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण-पत्र, ईडब्ल्यूएस, अन्य पिछड़ा वर्ग, पूर्व सैनिक आश्रित आदि से संबंधित निर्धारित प्रमाण-पत्र अथवा आवश्यक शपथ-पत्र, सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां और स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध जीवनी प्रपत्र साथ लाना होगा। आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने पर संबंधित श्रेणी का लाभ नहीं मिलेगा। सीट आवंटन मेरिट और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा।

**947 सीटों के लिए मेरिट के आधार पर दिया जाएगा प्रवेश**

**Amarjala Dt. 13-09-2026**

# डीएलएड की दूसरे चरण में 947 सीटों के लिए काउंसलिंग 15-16 को


धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड सीईटी-2026 के दूसरे चरण की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। काउंसलिंग 15 और 16 सितंबर को सुबह 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी। इसमें सरकारी और निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों की 947 रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि पात्रों की मेरिट सूची व काउंसलिंग संबंधी निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर हैं। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर जरूरी दस्तावेजों के साथ बोर्ड मुख्यालय पहुंचना होगा। ब्यूरो

SEPTEMBER 13, 2026 SUNDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HP BOARD UNLOCKS ROUND 2 FOR D.EL.ED. ADMISSIONS: 947 SEATS UP FOR GRABS THIS WEEK

*The Sunny Times | Dharamshala*



A crucial second chance has just opened up for teacher hopefuls across Himachal Pradesh. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially triggered the second round of counseling for the two-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) program for the 2026–28 academic session.

With 947 vacant seats scattered across government District Institutes of Education and Training (DIETs) and private recognized institutions, the race is on. Candidates who cleared the D.El.Ed. CET-2026 can lock in their slots during the in-person counseling sessions scheduled for September 15 and 16 at the board's Dharamshala headquarters, starting sharp at 10:00 AM daily.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the merit lists, along with detailed procedural guidelines, are already live on the official portal. He cautioned that showing up prepared is non-negotiable. Every candidate must report in person carrying their completed biodata form downloaded from the board's site, alongside original copies and self-attested photocopies of their Class 10 and 12 certificates, Bonafide Himachali certificates, and category documents.

The stakes are particularly high for reserved category applicants. Dr. Sharma underlined that anyone claiming quota benefits under EWS, OBC, or Ward of Ex-Servicemen categories must provide valid, competent authority certificates or required affidavits during verification. Failing to produce these documents on the spot means instantly forfeiting reservation perks, with no room for last-minute appeals.

Seats will be allotted on the fly based purely on CET merit ranks and real-time institute availability, making quick, strategic institute choices vital as the tally thins out. For immediate queries, candidates can reach out directly to HPBOSE support at 01892-242192 before making the trip to Dharamshala.